



बाबर आजम ने भी भरी हुंकार

पीसीबी के अध्यक्ष रमीज रजा ने अपने खिलाड़ियों, टीम और पूरे अधिकारियों से आत्मनिर्भर होने की बात कही है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने ट्वीट किया, फिर से निराशा हाथ लगी। हम हमेशा खेल की भलाई के लिए सोचते हैं, लेकिन दूसरे नहीं। हम अपनी क्रिकेट यात्रा में लंबा सफर तय कर चुके हैं और यह वक्त के साथ बेहतर होता जाएगा। हम न केवल टिकेंगे बल्कि समृद्ध भी होंगे। इंशाअल्लाह

## फिर बिलबिलाते दिखे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुखिया रमीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट वर्ल्ड में पाकिस्तान पूरी तरह अलग–थलग पड़ चुका है। नापाक हरकतों के चलते भारत ने तो पहले ही उसका बायकॉट कर रखा था। अब लगता है इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से दुश्मनी मोल लेकर उसने खुद के पैर में ही कुल्हाड़ी मार ली है। आतंकी हमले की सूचना पर एक के बाद एक दोनों देशों ने अपना पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया। आतंकियों को पनाह देने वाला हमारा पड़ोसी मुल्क इस वक्त सांप–छछूंदर जैसी स्थिति में है। न निगला जाए, न उगला जाए। कोरोना महामारी के बीच पाकिस्तान ने दो बार इंग्लैंड का दौरा किया था। तब तो हालात बेहद खतरनाक थे। वैक्सीन तक नहीं आई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुखिया रमीज रजा ने पूरे मामले पर कहा कि, ऐसा लग रहा है हमारा प्रयोग करके हमें फेंक दिया गया है। न्यूजीलैंड के दौरा रद्द करने के बाद हमें इंग्लैंड से उम्मीद थी। आस थी कि वह पुरानी दोस्ती की लाज रखेगा। अपना टूर नहीं टालेगा, लेकिन हम गलत थे। ईसीबी के पास क्रिकेट बिरादरी के अन्य सदस्यों का आपदा में सहारा बनने का अवसर था, जिससे वो चूक गए।

# आईपीएल में फिर घुसा कोरोना वायरस, नटराजन निकले पॉजिटिव

क्रिकेट

### सनराइजर्स हैदराबाद के आलराउंडर विजय शंकर समेत 6 सदस्य आइसोलेटेड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के दूसरे चरण के तीन मुकाबले के खेले जा चुके हैं। चौथे मैच से पहले कोरोना की वजह से टूर्नामेंट पर संकट के बादल छाते नजर आ रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से ठीक पहले कोरोना संक्रमित पाए गए। बीसीसीआइ ने फैंस की चिंता को ध्यान में रखते हुए इस मैच को लेकर जानकारी दी है। बुधवार शाम साढे सात बजे दिल्ली कैपिटल्स की टीम का सामना सनराइजर्स हैदराबाद के साथ होना है। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में यह मैच खेला जाना है। इस मैच से ठीक पहले सनराइजर्स के गेंदबाज का कोरोना टेस्ट पाजिटिव पाया गया। उनके संपर्क में आने वाले सभी सदस्यों को टीम के बाकी



खिलाड़ियों से अलग कर आइसोलेट कर दिया गया।

बीसीसीआइ ने इस बात को साफ कर दिया है कि शाम को खेले जाने वाले मैच पर नटराजन के कोरोना संक्रमित पाए जाने से असर नहीं पड़ेगा। सुबह पांच बजे सभी लोगों का RT-PCR टेस्ट कराया गया था। इस टेस्ट के सारे रिपोर्ट नेगेटिव आए हैं जिससे इस मैच को लेकर किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। बोर्ड ने साफ कि कि जो कार्यक्रम तय हुआ है मैच उसी के मुताबिक ही होगा। सनराइजर्स के तेज गेंदबाज टी नटराजन बुधवार दोपहर कोरोना पाजिटिव पाए गए। बीसीसीआइ ने इस बारे में दोपहर को जानकारी दी और बताया कि शाम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले जाने वाले सनराइजर्स के मुकाबले पर किसी तरह की आंच नहीं आएगी। यह मैच तय कार्यक्रम के मुताबिक ही कराया जाना है। नटराजन के साथ संपर्क में आए छह सदस्यों को इस वक्त टीम के अलग कर दिया गया है।

**कौन–कौन है आइसोलेट:** गेंदबाज टी नटराजन जो कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं उनके नजदीकी कॉन्टेक्ट विजय शंकर (खिलाड़ी), विजय कुमार (टीम मैनेजर), श्याम सुंदर जे (फिजियो), अंजना वनन (डॉक्टर), तुषार खेदकर (लॉजिस्टिक मैनेजर), गणेशन (नेट बॉलर) आए थे और सभी आइसोलेशन में भेजे जा चुके हैं।

## माइकल वॉन ने बीसीसीआई को घेरा, आईपीएल पर पूछा बड़ा सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 2021 सत्र के दूसरे हाफ पर भी महामारी कोविड–19 का साया आ गया है। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले आज के मुकाबले से ठीक पहले तेज गेंदबाज टी नटराजन को कोविड–19 पॉजिटिव पाया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने कहा कि टीम का शाम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाला मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर तंज कसते हुए कहा– देखते हैं आईपीएल पिछले टेस्ट (भारत बनाम इंग्लैंड मैनचेस्टर



टेस्ट) की तरह रद्द होता है या नहीं ! मैं गारंटी देता हूं कि यह नहीं होगा। बता दें कि हेड कोच रवि शास्त्री सहित सपोर्ट स्टाफ के कोविड–19 का शिकार होने पर टीम इंडिया ने मैनचेस्टर टेस्ट रद्द कर दिया था। सीरीज में भारत 2–1 से आगे था। दूसरी ओर, घुटने की सर्जरी से वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नटराजन के साथ उनके छह करीबी संपर्कों को भी क्वारंटीन में भेज दिया गया है जिसमें ऑलराउंडर विजय शंकर भी शामिल हैं। बीसीसीआई विज्ञप्ति के अनुसार, 'सनराइजर्स हैदराबाद का खिलाड़ी टी नटराजन आरटी–पीसीआर जांच में कोविड–19 पॉजिटिव आया है। खिलाड़ी ने खुद को बाकी की टीम से अलग कर लिया है और उसे अभी कोई लक्षण नहीं है।'

विज्ञप्ति के अनुसार, 'बाकी की टीम का स्थानीय समयानुसार आज सुबह पांच बजे आरटी–पीसीआर परीक्षण कराया गया जिसमें करीबी संपर्क भी शामिल हैं। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आयी है।' इसके अनुसार, 'जिसके परिणामस्वरूप सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आज रात को होने वाला मैच दुबई में दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में तय कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा।'

## भड़के कोच कुंबले, कहा- पंजाब का यही चलन बन गया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पंजाब को आईपीएल के एक मुकाबले में आखिरी ओवर में सिर्फ चार रन चाहिए थे। मगर राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने निकोलस पूरन और दीपक हुड्डा को आउट कर मैच पलट दिया। इस ओवर में केवल एक रन देकर अपनी टीम को 21 साल के युवा पेसर ने रोमांचक जीत दिलाई। मैच के बाद पंजाब किंग्स के हेड कोच कुंबले काफी निराश नजर आए। अनिल कुंबले ने स्वीकार किया कि उनकी टीम का करीबी अंतर से मैच गंवाना आईपीएल का एक चलन बन गया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दो रन की हार को पचा पाना बेहद मुश्किल है। हमने स्पष्ट संदेश दिया था कि मैच 19 ओवर में जीतना है और इस रवैये के साथ ही खेलना चाहिए था। दुर्भाग्य से हम इसे आखिर तक खींचकर ले गए और अंतिम दो गेंदों पर जब नया बल्लेबाज सामने हो तो यह लॉटरी की तरह बन जाता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन त्यागी ने जिस तरह से अंतिम ओवर किया, श्रेय उन्हें जाता है। यह स्वाभाविक था कि वह ऑफ स्टंप से बाहर गेंद करेंगे, लेकिन हमारे बल्लेबाजों ने सही विकल्प नहीं अपनाया।

## न्यूज डायरी



### फैंस ने राजस्थान रायल्स के इस खिलाड़ी को बताया नीरज चोपड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रायल्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते आ रहे कार्तिक त्यागी मंगलवार की रात पंजाब किंग्स के खिलाफ किए गए दमदार प्रदर्शन की वजह से सुर्खियों में तो हैं ही, साथ ही साथ उनके लुक्स की तुलना नीरज चोपड़ा से की गई है। टोक्यो ओलिंपिक खेलों में देश को गोल्ड मेडल दिलाने वाले भाला फेंक खिलाड़ी और कार्तिक त्यागी का चेहरा एक जैसा नजर आ रहा है। क्रिकेट फैंस ने भी यही दावा किया है। क्रिकेट फैंस ने कार्तिक त्यागी को नीरज चोपड़ा इसलिए बताया है, क्योंकि एक तो उनका चेहरा नीरज चोपड़ा से मिलता है। दूसरा ये कि उनकी कद काठी नीरज चोपड़ा के समान है। तीसरा ये कि उनके इस समय ऐसे बाल हैं, जैसे टोक्यो ओलिंपिक में नीरज चोपड़ा था। इतना ही नहीं, फैंस ने मजे–मजे में फोटोशाप के जरिए कार्तिक त्यागी के हाथ में भाला भी पकड़ा दिया है। इसके अलावा कुछ लोग उनको शानदार प्रदर्शन की बधाई नीरज चोपड़ा कहकर दे रहे हैं। ऐसे ही कई ट्वीट इस समय वायरल हो रहे हैं।

### केएल राहुल ने बताया हम पिछली गलतियों से नहीं सीख रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 2020 के सीजन में जो गलतियां पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) ने की थीं, वही गलतियां एक बार फिर से टीम दोहरा रही है। इतना ही नहीं, यूएई में खेले गए पिछले आइपीएल में भी टीम जीते हुए मैच हार रही थी और फिर से जब यूएई के मैदानों का रुख पंजाब की टीम ने किया है तो यहां भी टीम के साथ ऐसा हुआ है। आइपीएल 2021 के यूएई लेग के अपने पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स को दो रन से हार मिली। यहां तक कि टीम इस मैच को आसानी से जीत सकती थी, लेकिन आखिरी चार गेंदों पर टीम 3 रन भी नहीं बना सकी। इसको लेकर टीम के कप्तान केएल राहुल ने कहा है कि हमें पिछली गलतियों से सीखना होगा। केएल राहुल ने मैच के बाद कहा, इस हार को निगलना कठिन है। हम ऐसी टीम रहे हैं, जिसने पहले भी इस तरह के खेलों का अनुभव किया है। हमें यह देखने की जरूरत है कि हम दबाव को बेहतर तरीके से कैसे संभाल सकते हैं।

### जीत के बावजूद संजू सैमसन को मिली सजा, भरा 12 लाख का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार रात बेहद रोमांचक मैच देखने को मिला। आखिरी ओवर में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को दो रन से मात दी। सांस रोक देने वाले इस मुकाबले में भले ही संजू सैमसन की कप्तानी काम कर गई, लेकिन जीत के बावजूद उन्हें सजा मिली है। राजस्थान के स्लो ओवर रेट के चलते कैप्टन सैमसन पर 12 लाख का जुर्माना ठोका गया है। नियमों के मुताबिक 90 मिनट के भीतर–भीतर ही 20 ओवर फेंकने होते हैं। इसमें दो स्ट्रैटेजिक टाइम आउट भी शामिल होते हैं, जिसकी अवधि ढाई मिनट की होती है। यह इस तरह के केस में राजस्थान रॉयल्स की पहली गलती है इसलिए सिर्फ 12 लाख का फाइन ठोका गया है। दोबारा यही गलती करने पर जुर्माने की राशि 12 से बढ़कर 24 लाख हो जाएगी।

### ग्लूस्टरशायर और डरहम के खिलाड़ियों को छोड़ना पड़ा मैदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिस्टल। मैच शुरू हुआ ही था। पहले ओवर का खेल जारी था। बल्लेबाज पिच का मिजाज भांप रहा था। बोलर्स लाइन–लैंथ पकड़ने में लगे थे। कप्तान अपने फिल्डर्स में जोश भर रहा था। इसी बीच तेज आवाज आती है। सभी की नजर एकाएक ऊपर की ओर जाती है। आसमां से एम्बुलेंस मैदान के ठीक ऊपर हवा में खड़ा था, जिसका मकसद मैदान पर उतरना था। क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाली यह अपने आप में अनोखी और हैरान करने वाली घटना थी। दरअसल, इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट चौंपियनशिप के दौरान ब्रिस्टल ग्राउंड पर मंगलवार को एक मैच हुआ। मुकाबला ग्लूस्टरशायर और डरहम के बीच चार दिवसीय खेला जा रहा था।